52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.0 °c
अधिकतम 28.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:41 सूर्यास्त : 5:24 | वर्ष : 52/ अंक : 314 | बुधवार, 13 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-1

**अमृतवाणी**


अगर जीवन जीना चाहते हो
तो दूसरो के लिए जीना
सीख जाओ।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सत्ता में आने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे हटाए जाएंगे : अखिलेश यादव



न नौ मन तेल होगा न.........



52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 314 | बुधवार, 13 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये



## राहुल के विमान में तकनीकी खराबी, किसानों से मांगी माफी

**नयी दिल्ली, 12 नवंबर (वार्ता)** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षता तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विमान में मंगलवार को अचानक तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण वह महाराष्ट्र के चिखली में आज चुनावी सभा को संबोधित करने नहीं पहुंच सके और इसके लिए उन्होंने किसानों से माफी मांगी है। श्री गांधी ने एक वीडियो जारी कर यह सूचना दी और कहा कि वह महाराष्ट्र के किसानों की स्थिति समझते हैं और इस बारे में उनकी समस्या जानना चाहते थे लेकिन विमान में तकनीकी खराबी के कारण वह किसानों से मिलने में असमर्थ हैं और इसके लिए वह किसानों से माफी मांगते हैं। उन्होंने इस संबंध में जारी एक वीडियो में कहा "नमस्कार, मैं आप सभी से माफ़ी चाहता हूं। मुझे आज चिखली आना था। वहां मुझे सोयाबीन के किसानों से मिलना था और एक जनसभा को संबोधित करना था। लेकिन हवाई जहाज में तकनीकी खराबी के कारण नहीं आ पाया।" श्री गांधी ने कहा "मैं जानता हूं कि महाराष्ट्र में किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा की सरकार सोयाबीन और कपास के किसानों को सही दाम नहीं देती है।मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इंडिया गठबंधन की सरकार आपका ख्याल रखेगी और तुरंत आपकी समस्याओं का हल निकालने का प्रयास करेगी।"

# पुलिस से भिड़े कादिर राना, कार सीज

## सपा प्रत्याशी पर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

**भोपा, 12 नवंबर (बु.)।** मीरापुर विधान सभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुम्बुल राणा के ससुर एवं पूर्व सांसद कादिर राना की पुलिस के साथ तीखी ाड़पों के बाद उनकी सपा का ंडा लगी स्कॉर्पियो गाडी को मोरना चौकी इंचार्ज ने सीज कर दिया। कार रोके जाने पर कादिर राना भड़क गए और उन्होंने गुस्से में कहा कि मुे फांसी लगा दो। सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने व सत्ता के दबाव में सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीडन करने का आरोप लगाया है। सुंबुल राना ने भी इस मामले में निर्वाचन अधिकारियों से चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सुंबुल राना के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। मौजूदा चुनाव अभियान के तहत सपा पर यह तीसरा आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने बताया कि मोरना में पुलिस चौकी इंचार्ज जोगेन्द्रपाल द्वारा मीरापुर विधानसभा से सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा के पक्ष में प्रचार कर रही



गाडी संख्या यूपी12बीक्यू 0829 की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान गाडी पर लगे झंडे का आकार नियम संगत नहीं पाया गया। इसके चलते सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का हुआ है। वहीं समाजवादी पार्टी से मीरापुर विधानसभा प्रत्याशी सुम्बुल राना ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बताया कि मंगलवार को मोरना में उसके कार्यकर्ता गाड़ी संख्या यूपी12बीक्यू 0829 से चुनाव प्रचार कर रहे थे। गाडी की परमिशन स्वीकृत है। आरोप है कि मोरना चौकी इंचार्ज जोगेन्द्रपाल द्वारा गाडी को रोककर उसमें बैठे कार्यकर्ताओं के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना का प्रचार न करने के लिए धमकाया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा जब ऐसा करने से मना किया गया तो चौकी इंचार्ज ने अनैतिक रूप से गाडी को सीज कर दिया। सपा प्रत्याशी ने चौकी इंचार्ज पर सत्ता के



दबाव में आकर सपा कार्यकर्ताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है तथा चुनाव आयोग से चौकी इंचार्ज के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इससे पूर्व भी कादिर राना के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन को लेकर रामराज थाने पर दो मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

### कादिर बोलेः मुझे फांसी लगवा दो

**भोपा, 12 नवंबर (बु.)।** सपा के झंडे लगी कार को रोके जाने के बाद कादिर राना और पुलिस अधिकारियों के बीच बहस शुरू हो गई। इस घटना के वायरल हुए वीडियो में कादिर राणा को सब-इंस्पेक्टर से बहस करते हुए देखा जा सकता है। झड़प के दौरान वे चुनौती भरे लहजे में पुलिस अधिकारी से कहते हैं, बुलाओ जिसको बुलाना है। मुझे फांसी लगवा दो। इस बयान के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। हालांकि बाद में सपा कार्यकर्ता स्कॉर्पियो वहीं छोड़कर चले गए। पुलिस ने सपा का बड़ा झंडा लगी कार को सीज कर दिया।

## देहरादून में ट्रक की टक्कर से कार का विध्वंस; छह युवक-युवतियों की मौत

**देहरादून, 12 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ट्रक और इनोवा कार की टक्कर में छह युवकों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को क्षतिग्रस्त गाड़ी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी छात्र थे। जानकारी के अनुसार, देर रात ओएनजीसी चौक पर ट्रक और इनोवा कार की टक्कर हो गई। हादसे में छह युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार से पांच छात्रों के शव दून अस्पताल और एक का शव महंत इंद्रेश अस्पताल भेजा। छात्र देहरादून और हिमाचल के थे। दून हॉस्पिटल में कुल पांच शव पहुंचे। इनमें से दो युवतियां और तीन युवक थे।



तीन मृतकों के शवों को दून अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जबकि बाकी को जगह नहीं होने पर इंद्रेश अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलने पर एसपी सिटी भी अस्पताल पहुंचे। मृतकों में कुणाल कुकरेजा (23) पुत्र जसवीर कुकरेजा निवासी राजेंद्र नगर देहरादून, मूलनिवासी चंबा हिमाचल प्रदेश, गुनीत (19) पुत्री तेज प्रकाश सिंह साई लोक जीएमएस रोड देहरादून, नव्या गोयल (23) पुत्री पल्लव गोयल निवासी 11 आनंद चौक तिलक रोड, अतुल अग्रवाल (24) पुत्र सुनील अग्रवाल निवासी कालिदास रोड, कामाक्षी (20) पुत्री तुषार सिंघल निवासी कावली रोड देहरादून तथा ऋषभ जैन (24) पुत्र ऑफ तरुण जैन निवासी राजपुर रोड शामिल हैं। इसके अलावा सिद्धेश अग्रवाल (25) पुत्र विपिन कुमार अग्रवाल निवासी आसियाना शोरूम मधुबन के सामने राजपुर रोड घायल हुए हैं।

## भाई-बहन से हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर 1.89 लाख रुपये ठगे

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र की एटूजेड कालोनी के भाई-बहन से केदारनाथ हैलीकॉप्टर की बुकिंग के नाम पर 1.89 लाख रुपए ठग लिए गए। इसके अलावा दो अन्य पीड़ितों ने साइबर ठगों से एक-एक लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एटूजेड कॉलोनी निवासी प्रवीण शर्मा व उसकी बहन ने केदारनाथ हैलीकोप्टर सेवा बुकिंग कराने हेतु ऑनलाईन माध्यम से एक कम्पनी से सम्पर्क कर 17 परिजनों के टिकट बुक कराए थे। दोनों ने 1.89 लाख रुपए की रकम जमा कराई थी। केदारनाथ जाने के लिए हैलीपेड पर पहुंचे, तो पता चला कि टिकट बुक करने के नाम पर उनसे ठगी की गई है। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा नई मंडी निवासी मनप्रीत सिंह ने साइबर ठग ने एप के माध्यम से अपने जाल में फंसाकर 1 लाख रुपए ठग लिए गए। वहीं मौहल्ला पटेलनगर निवासी मनीष अग्रवाल से साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करते हुए दो किश्तों में 50-50 हजार रुपए गुड़गांव के एक बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए गए। रुपए वापस मांगने पर आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## डीआरडीओ की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, 12 नवंबर (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आज ओडिशा के तट पर चांदीपुर में मौजूद एकीकृत परीक्षण रेंज से मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किया। इस परीक्षण के दौरान, सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। इस मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर की तरफ से की गई, जिन्हें उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए आईटीआर की तरफ से कई जगहों पर तैनात किया गया था।

## उत्तर प्रदेशः कासगंज में मिट्टी का टीला ढहने से चार की मौत, पांच घायल

**कासगंज, 12 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में मंगलवार को मिट्टी का टीला ढहने से तीन महिलाओं और एक लड़की समेत चार लोगों की दबने से मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना मोहनपुरा में हुई, जहां देवउठनी एकादशी के अवसर पर आस-पास के गांवों की महिलाएं मिट्टी खोदने गई थीं। उन्होंने कहा, ''मिट्टी खोदते समय टीला ढह गया और कई महिलाएं इसके नीचे दब गईं।''सूचना मिलने के बाद जिला मजिस्ट्रेट मेघा रूपम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक ने बचाव और राहत अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, ''बचाव अभियान के दौरान कुछ महिलाओं को मलबे से बाहर निकाला गया और उन्हें एटा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन महिलाओं और एक लड़की को मृत घोषित कर दिया गया।'' अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश भारती ने बताया कि बचाव अभियान जारी है, क्योंकि ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि कुछ महिलाएं अभी भी मलबे में दबी हुई हैं।


## शाहजहांपुर में कूड़े के ढेर में मिले अधजले राष्ट्रीय ध्वज

**शाहजहांपुर 12 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में सोमवार की रात कूड़े के ढेर पर कथित रूप से सौ ज्यादा राष्ट्रीय ध्वज पड़े मिले हैं। जिसमें कुछ जले-अधजले अवस्था में हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के लोदीपुर में रोड के किनारे कूड़े के ढेर पर राष्ट्रीय ध्वज पड़े मिले हैं जिनमें कुछ अधजले हैं तथा 100 के आसपास राष्ट्रीय ध्वज मैले कुचैले हैं जिन्हें वहां से उठवा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में हथौड़ा चौकी प्रभारी राजेश कुमार की ओर से भारतीय न्याय संहिता की धारा राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम (2) के तहत मामला अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खाटू श्याम की निशान यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

- अंकुर दुआ ने श्याम प्रभु, कपिलदेव ने बाला जी ध्वज थामा
- नंगे पांव भक्त खाटू श्याम के निशान लेकर पहुंचे गणपतिधाम
- निशान यात्रा मार्ग पर हुई पुष्प वर्षा, किया भक्तों ने भव्य स्वागत
- निशान यात्रा में महिलाओं व बच्चों की भागीदारी से बड़ा जोश

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के गगनचुंबी जयघोष के बीच मंगलवार को श्री गणपतिधाम मंदिर ट्रस्ट नई मंडी भरतिया कॉलोनी की भव्य निशान यात्रा नगर के हृदयस्थल शिवचौक से मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस बीच शिवचौक से मंदिर तक पूरे मार्ग में हर ओर बाबा भक्ति की गंगा बहती दिखाई दी। श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के तहत सुबह बाबा श्याम के निशान लेकर भक्तों का सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा। शिवचौक पर यात्रा प्रारंभ होते समय भारतीय प्रेस परिषद सदस्य व मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के हाथों में भगवान श्री खाटू श्याम का मुख्य ध्वज रहा, मंत्री कपिल देव अग्रवाल के हाथ में श्री बालाजी का ध्वज और पूर्व विधायक अशोक कंसल के हाथ में गणपति जी का ध्वज रहा। भक्तों के बीच नंगे पांव ही बाबा का निशान लेकर मंदिर में पहुंचे। इस बीच ध्वज पूजन के बाद निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं के उल्लास ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। अनेक स्थानों पर भक्तों के इस सैलाब पर पुष्प वर्षा करते हुए बाबा के भक्तों ने यात्रा का स्वागत किया। भरतिया कालोनी श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में अपने निशान अर्पित करने के लिए कई किमी तक हुई लंबी कतार में भक्त अपनी बारी का



इंतजार करने के लिए खड़े दिखाई दिये। इस बीच बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, मंत्री कपिल देव व अशोक कंसल समेत अन्य अतिथियों ने मंदिर प्रांगण में भगवान श्री खाटू श्याम को अपने निशान अर्पित करते हुए पूजा अर्चना करके, सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में घंटों तक खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु नृत्य कर जन्मोत्सव के उत्साह का प्रदर्शन करते रहे। मंदिर प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रही। इस दौरान व्यवस्था बनाने में मुख्य रूप से श्री गणपति खाटू श्याम मन्दिर परिवार से भीम कंसल, अनिल गोयल, चचा जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, अंबरीश सिंघल, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, अमित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शशांक राणा, शुभम तायल, रजत राठी, नवनीत गुप्ता, यश गर्ग, तुषार गर्ग आदि बड़ी संख्या में बाबा के भक्त मौजूद रहे।




### पूरी यात्रा में नंगे पांव पैदल चले अंकुर दुआ, कपिलदेव और अशोक कंसल

**मुजफ्फरनगर, 12 नवंबर (बु.)।** खाटू श्याम निशान यात्रा में आज शिवचौक से ध्वज उठाने वाले बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल और पूर्व विधायक अशोक कंसल पूरी यात्रा में अन्य भक्तों के साथ पैदल निशान लेकर गणपति खाटू श्याम धाम पर पहुंचे और वहां निशान अर्पित किया। श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर आज एकादशी के दिन निकाली गई निशान यात्रा शिवचौक से शुरू हुई तो यहां श्याम प्रभु का मुख्य ध्वज बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के हाथ में था। बाला जी का ध्वज मंत्री कपिलदेव अग्रवाल तथा गणपति जी का ध्वज पूर्व विधायक अशोक कंसल के हाथों में था। यहां से ध्वज उठाने के बाद ये तीनों अन्य निशान लिए श्रद्धालुओं के साथ पैदल ही नंगे पांव श्री गणपति खाटू श्याम धाम पहुंचे। वहां ध्वज चढ़ाया गया। पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## रिटायरमेंट से पहले सीजेआई चंद्रचूड़ का फैसला, बेटे के लिए माता-पिता ने मांगी इच्छा मृत्यु, ऐसे मिली सहायता

**नई दिल्ली, 12 नवंबर (एजेंसी)।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए, मगर सेवानिवृत्ति से ठीक पहले उन्होंने एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसने सहानुभूति की मिसाल कायम की। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने बेटे के लिए इच्छा मृत्यु मांग रहे बूढ़े माता पिता को यूपी सरकार से मदद दिलाई। उन्होंने 11 साल से गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक को सरकारी चिकित्सा सहायता देने के सरकार को निर्देश दिए। लंबे समय से बिस्तर पर अपनी जिंदगी से जंग लड़ रहे युवक को अब घर पर ही इलाज मुहैया कराया जाएगा। डॉक्टर, फिजियोथेरेपिस्ट घर जाकर उसका उपचार करेंगे और सरकार दवाइयों समेत इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी। युवक को क्या गंभीर बीमारी थी, उसके माता-पिता ने क्यों इच्छा मृत्यु मांगी और मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने क्या फैसला सुनाया, आइए आपको बताते हैं। नोएडा का युवक हरीश राणा पंजाब विवि का छात्र था। 2013 में वह अपने पीजी आवास की चौथी मंजिल से गिर गया था। इसके बाद उसके सिर में गंभीर चोट आई। युवक के परिजनों ने उसके इलाज के लिए हर संभव मदद की। वे उसे कई डॉक्टरों के पास ले गए। सभी डॉक्टरों ने जवाब दिया कि युवक के ठीक होने की कोई गुंजाइश नहीं है। वह 11 साल से बिस्तर पर पड़ा है और 100 फीसदी विकलांग है। उसके शरीर पर गहरे और बड़े घाव हो गए हैं। युवक की बीमारी ने इस कदर परिवार पर कहर बरपाया कि सब कुछ बिक गया। माता-पिता अपने बेटे के ठीक होने की आस में सब कुछ भूल गए। घर को बेचना पड़ गया। अब बूढ़े माता-पिता का जीवन यापन करना कठिन हो रहा है। इसे लेकर माता-पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट में बेटे के लिए इच्छा मृत्यु याचिका दायर की थी। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।



## इटावा : पत्नी और तीन बच्चों का हत्यारा पिता सर्राफा कारोबारी गिरफ्तार

**इटावा, 12 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के कोतवाली इलाके के लालपुरा में पत्नी और तीन बेटे-बेटियों की हत्या करने वाले पिता सर्राफा कारोबारी मुकेश वर्मा को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने यह जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि कारोबारी नुकसान और पारिवारिक विवाद के चलते सर्राफा कारोबारी मुकेश ने पत्नी और तीन बेटे-बेटियों को पहले जहर दिया, लेकिन जब चारों की मौत जहर खाने से नहीं हुई तो गले में रस्सी का फंदा डाल करके सभी की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि अपनी पत्नी और तीन बेटे बेटियों की हत्या करने वाले सर्राफा कारोबारी मुकेश के खिलाफ उनके साले सत्येंद्र सोनी ने भारतीय न्याय संहिता की हत्या की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज कराया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोमवार तड़के सर्राफा कारोबारी मुकेश ने पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी रेखा (42) बड़ी बेटी नाव्या (20), छोटी बेटी काव्या (15)






और बेटे आदि(12) की जहर खिला दिया, जब सभी की मौत नहीं हुई तो मुकेश ने रस्सी से गला घोंट कर चारों को मौत के घाट उतार दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि डॉक्टर ने चारों शवों का पोस्टमार्टम किया है, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरो ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का साफ-साफ उल्लेख किया है कि मृतकों के शरीर में जहर तो मिला ही है साथ ही सभी के गले को रस्सी से दबाये जाने के निशान भी पाए गए। इस आधार पर पुलिस का मानना है कि सभी की हत्या के लिए मुकेश ही जिम्मेदार है। हादसे के बाद मुकेश को पुलिस ने इटावा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया, लेकिन उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी इसलिए उनका उपचार के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मुकेश की स्थिति ठीक होने के बाद उसे आज गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकेश ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। अपने परिवार के चार सदस्यों की हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद और कारोबारी नुकसान बताया जा रहा है। आरोपी मुकेश के साले सत्येंद्र सोनी ने बताया है कि उसकी बहन रेखा वर्मा की शादी वर्ष 2006 में मुकेश वर्मा पुत्र खुशीराम निवासी लालपुरा थाना कोतवाली जनपद इटावा के साथ हुई थी। मुकेश उनकी बहन और तीनों बच्चों की हत्या कर फरार हो गया है और बाद में मुकेश आत्महत्या का नाटक करते हुए रेलवे स्टेशन पर पटरी के बीच लेटा हुआ था।

## बिजनौर में चार युवकों की मौत, खून से लाल हुई सड़क

**बिजनौर, 12 नवंबर (एजेंसी)।** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। कार सवार दो युवकों दिल्ली निवासी साजिद और बिजनौर के झालू निवासी अनस (22) की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, बिजनौर बाईपास पर एक ट्रक ने मुजफ्फरनगर निवासी बाइक सवार किशोर को कुचल दिया। वहीं, नहटौर में भी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सोमवार को दिल्ली के रोहिणीनगर बी-2, 153 सेक्टर 17 निवासी साजिद (23) पुत्र अलाउद्दीन अपनी फॉर्च्यूनर कार लेकर मौसा के घर झालू आया था। शाम के वक्त साजिद अपने मौसेरे भाई जैनुल (22) पुत्र शमीम और उसके दोस्त अनस (22) पुत्र इरशाद निवासीगण झालू के संग बिजनौर में किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने आए थे। कार सवार तीनों दोस्त रात में करीब साढ़े 11 बजे नजीबाबाद की ओर से बिजनौर लौट रहे थे। रास्ते में एक कार शोरुम के सामने सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी कार टकरा गई। हादसे में कार में सवार साजिद और अनस की मौत हो गई। जैनुल कार चला रहा था, जोकि गंभीर रूप से घायल है। उसे मेरठ रेफर किया गया है। उधर, मंगलवार सुबह नौ बजे बिजनौर में चक्कर रोड पर एचपी गैस एजेंसी के निकट बाइक सवार देवांश (17) पुत्र अमित निवासी भोपा मुजफ्फरनगर हाल निवासी आदोपुर को ट्रक ने कुचल दिया। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। देवांश पिछले पांच सालों से अपनी मां और छोटे भाई के संग आदोपुर में किराए पर रहता था।

## चीन में बेकाबू कार से कुचले 35 लोगों की मौत, 43 घायल

**बीजिंग, 12 नवंबर (एजेंसी)।** चीन में भीषण सड़क हादसे की खबर है। झुहाई में एक बेकाबू वाहन चालक ने वाहन भीड़-भाड़ वाले इलाके में घुसा दी। अनियंत्रित गाड़ी की चपेट में आने के कारण 78 लोग हताहत हुए हैं। इनमें 35 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 43 लोग घायल हुए हैं ऐसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। राष्ट्रपति ने घायलों के इलाज और सख्त सजा का आश्वासन दिया है। चीन के झुहाई में एक ड्राइवर बेकाबू वाहन लेकर भीड़ में घुस गया। इस भीषण सड़क हादसे में 35 लोगों की मौत हुई है, जबकि 43 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## अरविंद केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली, 12 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी कर दिया है। याचिका में सेशन कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। केजरीवाल ने सत्र न्यायालय के फैसले में संशोधन की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर शिकायतों के संबंध में अदालत ने जारी समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दिया गया था। ईडी ने केजरीवाल के पूर्व नोटिस के बावजूद उनके समक्ष पेश न होने पर समन जारी किया था। ईडी ने याचिका का विरोध किया और हाईकोर्ट ने अब मामले की सुनवाई 19 दिसंबर को तय की है।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## प्लास्टिक स्क्रैप में आग, लाखों का नुकसान

**बुढ़ाना, 12 नवम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला में स्थित एक घर में रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गयी। इस घर में ही प्लास्टिक स्क्रैप का भी गौदाम बना था। लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी। इस अग्निकांड में एक भैंस व उसका कटड़ा भी जलकर मर गया। घटना की सूचना पर एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित पक्ष से पूरी घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र के जौला गांव निवासी कबाड़ी तालिब हसन पुत्र महमूद अली के घर में मंगलवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में लगभग साढ़े 12 बजे रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गयी, तब अचानक से आंख खुलने पर परिवार के सदस्य शाहरुख ने आग की लपटें देख शोर मचा दिया, तो मौके पर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण आ गये। घटना की सूचना गढ़ी सखावतपुर चौकी इंचार्ज संदीप कुमार व फायरकर्मी को दी तो कुछ मिनटों में दोनों विभाग के अधिकारी आ गये और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर के



अंदर बने गोदाम में रखा लाखों रुपए की कीमत का प्लास्टिक स्क्रैप राख हो चुका था। एक दुधारु भैंस व उसका कटड़ा मृत पड़ा था। इस घटना की सूचना पर बुढ़ाना के एसडीएम राजकुमार भारती व सीओ गजेंद्र पाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित से घटना की जानकारी ली। आग कैसे लगी इसकी जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। उधर दूसरी और एसडीएम ने पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## कश्मीर में बर्फबारीः कई राजमार्ग बंद

**श्रीनगर, 12 नवंबर (वार्ता)** कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के बाद मंगलवार को मौसम की स्थिति में सुधार हुआ जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिसके कारण कई प्रमुख राजमार्ग बंद हो गये। यातायात अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी रोड से लद्दाख तक, दक्षिण कश्मीर के शोपियां को जम्मू में पुंछ और राजौरी से जोड़ने वाली मुगल रोड तथा किश्तवाड़ में सिंथन रोड सहित प्रमुख सड़कें बंद हो गई।मार्ग को फिर से आवागमन लायकण बनाने के लिये बर्फ हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। सीमा सड़क संगठन की एक टीम ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिला प्रशासन के साथ मिलकर सोमवार देर रात जादखुस नल्लाह तथा राजदान दर्रा पर बर्फ में फंसे करीब 20 वाहनों को बचाा गया। अधिकारी ने कहा कि बर्फबारी के कारण बांदीपोरा-गुरेज मार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है और बर्फ हटाने का अभियान जारी है।

## भैंसा बोगी की टक्कर से होमगार्ड की मौत

**भोपा, 12 नवम्बर (बु.)।** शुकतीर्थ गंगा स्नान मेले में जा रही भैंसा बोगी ने होमगार्ड को टक्कर मार दी। घायल होमगार्ड को अस्पताल ले जाया गया, जहां से गम्भीर हालत के चलते उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव खोखनी निवासी खोखनी ने तहरीर देकर बताया कि वह पीआरडी मोरना कम्पनी में ड्यूटी करता है। सोमवार को उसकी ड्यूटी रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक चीता मोबाईल 42 पर कार्तिक गंगा स्नान मेले को लेकर वह है.कां. सतीश कुमार के साथ मोरना चौकी से भोपा रोड पर गश्त में थे तथा रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली व भैंसा बोगी का आवागमन हो रहा था। रात्रि लगभग 10:30 बजे जैसे ही वे दोनों मोरना मिल से आगे पहुंचे, तभी सामने से थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव जौहरा निवासी प्रवेन्द्र व उसके तीन अज्ञात साथी भैंसा बोगी को तेज गति से दौड़ाकर आ रहे थे। भैंसा बोगी पर चार व्यक्ति सवार थे, तभी मोरना की ओर से आ रहे बाइक सवार को भैंसा बोगी ने सामने से टक्कर मार दी, जब वे दोनों मौके पर पहुंचे, तो देखा कि घायल व्यक्ति भोपा थाने पर तैनात सिकन्दरपुर निवासी 50 वर्षीय होमगार्ड मनोज कुमार है। घायल होमगार्ड को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपा ले जाया गया, जहां गम्भीर हालत के चलते उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। होमगार्ड मनोज की मौत से पत्नी मुकेश, पुत्र दीपक व पुत्री शिवानी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने बताया कि एक आरोपी प्रवेन्द्र व तीन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।





1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## फडनवीस, ओवैसी, योगी, खड़गे

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव और कई राज्यों के उपचुनाव में बयानबाजी, अहमकाना बयानबाजी और तंजिया बयानबाजी सामने आ रही है। देवेन्द्र फडनवीस और ओवैसी आमने सामने हैं, योगी पर खड़गे कटाक्ष कर रहे हैं, खड़गे पर भी तंज कसे जा रहे हैं। इन चुनावों में अजीबो-गरीब माहौल बन गया है। महाराष्ट्र के वर्सोवा में प्रचार के दौरान ओवैसी ने देवेंद्र फडनवीस पर मुसलमानों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया था। इसके चन्द घंटे बाद ही फडनवीस ने पलटवार करते हुए कहा कि ओवैसी महाराष्ट्र में औरंगजेब का महिमामंडन कर रहे हैं। फडनवीस ने कहा आजकल तो औवेसी भी यहां आने लगा है। मेरे हैदराबादी भाई, तू यहां मत आ। तू उधर ही रह, क्योंकि यहां तेरा कोई काम नहीं है। महाराष्ट्र में आकर कोई औरंगजेब का महिमामंडन कर रहा है। भारत का सच्चा मुसलमान औरंगजेब को अपना हीरो नहीं मानता। औरंगजेब तो आक्रमणकारी था। सुन ले औवेसी, कुत्ता भी पेशाब नहीं करेगा औरंगजेब की पहचान पर। अब तो तिरंगा लहराएंगे पूरे पाकिस्तान पर। फडनवीस ने रैली में कहा, महाराष्ट्र में हम सोए हुए थे। हम इनके वोट जिहाद को समझ नहीं पाए, लेकिन अब हम वोटों से ऐसा धर्मयुद्ध लड़ेंगे, जिससे गीदड़ों को समझ आ जाएगा कि उनका काम खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कांग्रेस के लोग बरसाती मेंढक हैं। चुनाव के दौरान ये घोषणापत्र ले कर आते हैं। पिछले चुनाव में राहुल गांधी ने कहा था, झोपड़पट्टी वालों को घर देंगे। इनकी 2.5 साल सरकार थी। इन्होंने वादा पूरा नहीं किया। कल इन्होंने फिर से घोषणापत्र जारी किया है। उसमें ये लोग झोपड़पट्टी वालों के बारे में भूल गए। हम किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। हमने कभी धर्म की बात नहीं की। हमने सभी जाति और धर्मों के लिए योजनाएं लाईं। अगर यहां कोई वोट जिहाद की बात करेगा तो उसे हम वोट के धर्मयुद्ध से जवाब देंगे। 2010 से 2024 तक जितने दंगे हुए हैं, उनमें शामिल मुसलमान आरोपियों को छोड़ने की डिमांड रखी गई। दंगों में शामिल लोग देश को तहस-नहस करते हैं। ऐसे लोगों को छोड़ने की डिमांड को एमवीए मंजूर करने की बात कहता है। ये बात एमवीए को मंजूर होगी, लेकिन देश को स्वीकार नहीं है। ओवैसी ने वर्सोवा में प्रचार के दौरान कहा था कि महाराष्ट्र में हमारी पार्टी एक सेक्युलर सरकार को बढ़ावा देना चाहती है। न तो शिंदे सीएम बनेंगे और न ही फडनवीस सीएम बनेंगे, बल्कि महाराष्ट्र में एक सेक्युलर व्यक्ति को सीएम बनाया जाएगा। ओवैसी ने कहा था कि भाजपा-कांग्रेस ने मुस्लिम समाज की आवाज को दबाने की कोशिश की है। फडनवीस मुस्लिम समुदाय को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मैं अपने समुदाय की आवाज उठाते रहूंगा। मैं फडनवीस को चुनौती देता हूं। हम उनसे डरने वाले नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक चुनावी सभा में सीएम योगी का नाम लिए बिना उनके भगवा वस्त्रों को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि कई नेता साधुओं के भेष में रहते हैं और वो अब राजनेता बन गए हैं और कुछ तो मुख्यमन्त्री भी बन गए हैं। वो गेरुआ कपड़े पहनते हैं और उनके सिर पर बाल नहीं हैं, उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी से कहूंगा या तो सफेद कपड़े पहने या अगर आप संन्यासी हैं और गेरुआं कपड़े पहनते हैं, तो राजनीति से बाहर जाएं। खड़गे के इस बयान पर बीजेपी की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि ये कांग्रेस नहीं तय करेगी कि साधु संत क्या पहनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने सनातन संस्कृति और साधु-संतों पर जो बयान दिया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। जिस तरह से मुगल अक्रांताओं ने सनातन को खत्म करने का प्रयास किया था, लेकिन फिर भी आज सनातन दुनिया को दिशा दिखा रहा है। साधु-संत क्या पहनेंगे ये कांग्रेस पार्टी तय नहीं करेगी, जो खुद भ्रष्टाचार के आकंठ दलदल में डूबी हुई है। खड़गे के बयान पर सियासत गरमाई हुई है। इस पूरे विवाद में अब जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ये कहां लिखा है? कि राजनीति भगवाधारियों को नहीं करनी चाहिए? ये भगवानन का रंग है, भगवाधारी ही को राजनीति करनी चाहिए। रामभद्राचार्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ये कहां लिखा है कि राजनीति गुंडों को करनी चाहिए, राजनीति लफंगों को करनी चाहिए, राजनीति भगवाधारी ही को करनी चाहिए इस भगवा रंग का ध्वज फहराकर शिवाजी ने पूरे महाराष्ट्र को एकजुट किया था। भगवाधारी ही को राजनीति करनी चाहिए। सूट-बूट वाले को राजनीति नहीं करनी चाहिए। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी पर खड़गे को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि मैं योगी हूं, मेरे लिए देश पहले है, राजनीति बाद में, लेकिन आपके लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति पहले है। योगी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तीन दिन से मुझ पर नाराज हो रहे हैं कि मैं ऐसी भाषा का प्रयोग क्यों कर रहा हूं। खड़गे जी! मैं योगी हूं, योगी के लिए देश पहले है। राजनीति बाद में। मेरे और आपमें यही अंतर है। मेरे नेता मोदी ने यही बताया है कि हर काम, पहले देश के नाम। आपके लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति पहले है। यही कारण है कि आप न सच्चाई बोल पा रहे हैं, न समझ पा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि खड़गे जी के परिवार के साथ आजादी के तत्काल बाद घटना घटित हुई थी। खड़गे जी का गांव बारावत्ती हैदराबाद के निजाम के अधीन था। उस समय कांग्रेस नेतृत्व भी मुस्लिम लीग के सामने सरेंडर कर चुका था। यही कारण था कि मुस्लिम लीग निर्ममता से हिंदुओं को काट रहा था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व सत्तालोलुप होकर मौन बना था। सीएम योगी ने कहा कि निजाम के आधीन वाले गाँव में खड़गे जी की मां, चाची और बहन को निजाम के रजाकारों द्वारा जलाया गया, लेकिन खड़गे जी सच्चाई को नहीं बोलना चाहते। उन्हें लगता है कि निजाम पर आरोप लगाऊंगा, तो मुस्लिम वोट खिसक जाएगा। कांग्रेस इतिहास को झुठलाने का कार्य कर रही है। निजाम के रजाकारों ने हैदराबाद रियासत के अंदर निर्ममता से हिंदुओं का कत्लेआम किया। गांव के गांव जलाए गए थे। खड़गे जी उस सच्चाई को स्वीकार नहीं करना चाहते।

### चार दीप

सुनील उत्सव

"किस्मत" "खिलाड़ी" "गोल" "अनाड़ी"

हारना किस्मत में जिनकी मोटे हरफों में लिखा,
खुद को वो कहते खिलाड़ी अब सियासी खेल में।
गोल करते हैं जो खुद अपने ही पाले में 'सुनील',
कैसे-कैसे हैं अनाड़ी अब सियासी खेल में।

## किसान की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेड़ी में ट्रैक्टर ट्रॉले की साइड लगने से हुए विवाद में किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसी मामले में उसके फरार भाई की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। सहारनपुर जिले के बड़गांव थाना क्षेत्र के सिसौनी निवासी नवीन कुमार गत दिवस देवबंद चीनी मिल में गन्ना डालने के बाद वापस अपनी बुआ के गांव लौट रहा था। बहेड़ी गांव के पास आखलौर निवासी सहदेव और उसके भाई जय कुमार से टैक्टर-ट्रॉले की साइड लगने को लेकर नवीन का उक्त लोगों से विवाद हो गया था। आरोप है कि दोनों भाइयों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर किसान नवीन की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। चरथावल के सैदपुर कलां निवासी देवाशीष ने कोतवाली में ममेरे भाई की हत्या में सहदेव व उसके भाई जय कुमार और 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि आरोपी सहदेव को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# शुकतीर्थ गंगा मेले में मंदिरों में पूजा-अर्चना को रही श्रद्धालुओं की भीड़

**भोपा, 12 नवम्बर (बु.)।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ के प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ गया है। नगरी के रास्तों में श्रद्धालुओं की भीड़ चल रही है। श्रद्धालु गंगा घाट पर स्नान करने के बाद विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर भक्ति भाव से प्रसाद चढ़ा रहे हैं। गंगा घाट पर शाम को आरती के बाद श्रद्धालु दीपदान भी कर रहे हैं। हर हर गंगे के जय घोष से नगरी का वातावरण गंगा मय हो जाता हैं। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात की गई है। महिला घाट पर महिला पुलिस बल लगाया गया है। बीएसएफ के जवानों की टुकड़ी भी मेला में निगरानी रखे हुए है। उनके जवान लगातार गश्त कर रहे है। मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं ने श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ पर बैंड बाजों के बीच कलश यात्रा निकालकर गंगा पूजन किया गया। मेले में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन, गन्ना, विभाग आदि के द्वारा शिविर लगाए गए है। महिला एसडीएम अपूर्वा यादव के द्वारा पुलिस फोर्स के साथ महिला घाट का निरीक्षण किया गया तथा घाट पर भीड़ को देखते हुए प्रसाद की दुकानें घाट की पैड़ियों से उपर लगाने के आदेश दिए। एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को मेला मजिस्ट्रेट, एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, एसडीएम अपूर्वा यादव, बीडीओ आक्सीर खान आदि अधिकारियों के साथ शुकतीर्थ नगरी में पहुंचकर प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा कहा कि मेले के दौरान गंगा घाट पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा स्नान के दौरान विशेष चौकसी बरती जाए। डीएम के आदेश पर बनाए गए सभी शौचालयों पर पानी व सफाई के लिए कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। श्रीगंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह, एएमए पवन गोयल, अवर अभियंता कौशलवीर, नरेंद्र गर्ग, अक्षय शर्मा आदि मौजूद रहे। बघरा से आए स्वामी यशवीर महाराज, ब्रह्चारी मृगेंद्र, प्रधान महकसिंह, राजपाल सैनी, ओमनाथ, शरद वत्स, कंवर पाल सिंह आदि बड़ी संख्या में सेवकों के साथ मेले में पहुंचे तथा बाजार का भ्रमण किया और देखा कि मुस्लिम दुकानदार तो प्रसाद नहीं बेच रहे है। स्वयंसेवकों ने दुकानदार का आधार कार्ड देखकर उनकी दुकान पर उसके नाम भी लिखकर चस्पा किया।



गंगा स्नान मेला में मजिस्ट्रेट संजय सिंह से जानकारी लेते एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह।

## शाहपुर में धूमधाम से मनाया गया नामदेव जी महाराज का 754वां जन्मोत्सव

**शाहपुर, 12 नवम्बर (बु.)।** संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज का 754वां जन्मोत्सव प्राचीन शिवालय श्री नामदेव मंदिर पर किया गया। मंदिर की सजावट व तोरण द्वार आकर्षण का केंद्र रहे। सुधांशु नामदेव व डिम्पल नामदेव एवं समस्त महिलाओं ने सभी भगवानों का श्रृंगार किया। कार्य का शुभारंभ महावीर प्रसाद, रामपाल भगत, राधेश्याम नामदेव (प्रधान जी) ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। माल्यार्पण सभासद मनोज अरोड़ा एवं ओमप्रकाश नामदेव, हिमांशु नामदेव ने किया। दीप प्रज्वलित वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल द्वारा किया गया। सभी भक्तों ने बारी-बारी से प्रभु चरणों में पुष्प अर्पण कर साथ ही अपनी मनोकामनाएं मांगी।





आरती का शुभारंभ राकेश गोत्रा ने किया। इसमें सभी भक्तों ने संत नामदेव चालीसा एवं राधा रानी की आरती के साथ प्रभु के चरित्र का गुणगान किया। भोग की स्तुति के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें नामदेव समाज अन्य समाज के सभी भक्तों ने पूर्ण सहयोग व श्रद्धा प्रकट की। राधेश्याम नामदेव (प्रधान जी) ने बताया कि नामदेवजी ऐसे भक्त और संत हैं, जिन्हें भगवान श्री कृष्ण ने साक्षात दर्शन दिए। इनकी इसी भक्ति का प्रताप है कि संतों में नामदेव जी को अलग श्रेणी में संत शिरोमणि कहा जाना लगा था।

इस अवसर पर जयपाल नामदेवजी, महावीर नामदेव, रामपाल नामदेवजी, मामचंद नामदेव, मनोज सैनी (सभासद), मनोज अरोरा(सभासद), रेणु कुमार (सभासद ), राकेश सैनिया, राकेश गोत्राज, अनुज अग्रवाल, जयपाल नामदेव, ओमप्रकाश नामदेव, अरविंद नामदेव, महेश नामदेव, रोहित नामदेव, सुधीर नामदेव, सुरेश नामदेव, दीपक नामदेव, संजू नामदेव, बिट्टू नामदेव, विक्की नामदेव, बाबूराम नामदेव, नंदकिशोर नामदेव, जय भगवान नामदेव, ललित नामदेव, मनोज नामदेव, प्रवीण नामदेव, अरविंद नामदेव, अशोक सैनी, दीपक सैनी, आदेश कुमार, जॉनी कुमार एवं समस्त महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# रात में हटाया, दिन में फिर लगा ठेली बाजार

**खतौली, 12 नवम्बर (बु.)।** बीती रात रेलवे रोड से सब्जी ठेलियों को सख्तीपूर्वक सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद मात्र 24 घंटे बाद मंगलवार को रेलवे रोड पर सब्जी ठेलियों का जमावड़ा फिर से दिखाई देने लगा। कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता नजर आ रहा है। एक समाजसेवी द्वारा गत दिनों नगर के रेलवे रोड पर पुलिस प्रशासन की उदासीनता से सुबह से देर रात्रि तक सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क के बीच किनारों सहित मध्य भाग में लगायी जा रही सब्जी की ठेलियों से बढ़ते अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था के प्रभावित बने रहने की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से करते हुए जनहित में कार्यवाही की मांग की गयी थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कप्तान द्वारा खतौली कोतवाली पुलिस को त्वरित कार्यवाही किये जाने के आदेश जारी कर दिये थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार बीती रात सीओ रामाशीष यादव, कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा भारी पुलिसबल के साथ गत रात्रि रेलवे रोड पहुंचे जहां पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार रेलवे रोड पर सख्ती बरतते हुए सभी सब्जी ठेलियों का सड़क से फरमान जारी किया गया, जिसके बाद उक्त मार्ग से सब्जी ठेली वालों में भगदड़ मच गयी। पुलिस की सख्ती का असर मंगलवार को सुबह उस समय दिखाई दिया जब रेलवे रोड पर सब्जी की काई ठेली नहीं लगी।

रेलवे रोड से पुलिस की सख्ती से हटे अतिक्रमण से रेलवे स्टेशन पर जाने वाले नागरिकों सहित उक्त मार्ग की निकटवर्ती कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली, परन्तु नागरिकों की रात मात्र कुछ समय तक सीमित रह पायी। मंगलवार की सायं से पुनः रेलवे रोड पर पुलिस की कार्यवाही से मात्र 24 घंटे बाद जैसे ही रेलवे रोड पर सब्जी की ठेलियों का जमावड़ा लगना आहिस्ता आहिस्ता शुरू हुआ तो मात्र कुछ समय बाद ही रेलवे रोड पर अतिक्रमण रूपी अजगर का स्वरूप पूर्व की भांति दिखाई दिया। वरिष्ठ पलिस अधीक्षक के आदेश पर खतौली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही पर अतिक्रमण का चला हंटर जहां लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं खतौली कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली को प्रश्नचिह्न करता दिखाई दे रहा है।

## खाप चौधरी के प्रयास से दो लड़कियां बरामद

**बुढ़ाना, 12 नवम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक ही बिरादरी की दो बालिग युवतियां अपने कथित प्रेमियों के बहलाने फुसलाने में आकर घर से फरार हो गयी थी। दोनों युवतियों को सकुशल बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव से एक ही समाज की दो बालिग युवतियां अपने प्रेमियों के बहकावे में आकर घर से फरार हो गयी थी, तो परिजनों की शिकायत पर पुलिस में हड़कंप मच गया था, तब इस संबंध में कश्यप खाप चौधरी डॉ. सोनू कश्यप और मास्टर सुशील कश्यप, बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से मिले थे और उनसे दोनों युवतियों की सकुशल बरामदगी की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी युवकों और युवतियों को 24 घंटे से पहले ही बरामद कर लिया था। एक युवती के मामले में तो परिजनों ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, लेकिन दूसरी युवती के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई। दूसरी युवती को भी बीती देर रात उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोई भी हंगामा हुए बिना पुलिस ने दोनों लड़कियों को सकुशल बरामद कर कश्यप समाज की वाहवाही जरूर लूट ली।

## भोपा क्षेत्र में नकाबपोश बदमाश का आतंक

**भोपा, 12 नवम्बर (बु.)।** कॉलेज से घर जा रही छात्रा को नकाबपोश बदमाश ने बुरी नीयत से खेत में खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाश ने छात्रा की नाक पर वार कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। गम्भीर रूप से घायल छात्रा को भोपा अस्पताल लाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। छात्रा ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। क्षेत्र में नकाबपोश बदमाश का आतंक जारी है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव बाकरनगर निवासी 23 वर्षीय छात्रा अंजलि ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह भोपा में ग्रेजुएशन की छात्रा है। सोमवार को लगभग 3 बजे वह कॉलेज से घर जा रही थी, तभी रास्ते में नकाबपोश बदमाश ने उसे बुरी नीयत से खेत में खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाश ने हाथ के कड़े से उसकी नाक पर वार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर होने पर बदमाश वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। छात्रा ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गत कुछ माह पहले भी रास्ते में जा रही करहेड़ा निवासी छात्रा को भी कच्छा बनियानधारी नकाबपोश बदमाश ने मारपीट कर घायल कर दिया था। वहीं गत 28 अक्टूबर को भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी महिला को भी कच्छा बनियानधारी नकाबपोश युवक ने डंडे से पीटते हुए उसे लहूलुहान कर दिया था, जब वह खेत में घास काट रही थी। छात्रा के साथ हुई घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी तथा जंगल में घंटों काम्बिंग की। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। एक अज्ञात बदमाश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

आवश्यकता है
अनुभवी एवं कुशल ड्राईवरों की
बन्द बॉडी 24 फीट कैन्टर-2 संख्या
छोटा हाथी (टेम्पू)-1 संख्या
संपर्क करें-
M.9927989000
सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक

# कंपनी ने बिगाड़े नगरीय क्षेत्र के हालात, सभासदों ने खोला मोर्चा

**- चेयरपर्सन से शिकायत, कहा- कंपनी से हो रही बड़ी बदनामी - अनुबंधों की शर्तो का पालन नहीं करने के लगे आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** पालिका के साथ अनुबंध के तहत 92 लाख रुपए प्रतिमाह के भुगतान पर कूड़ा निस्तारण कार्य कर रही दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी अपनी पॉलिसी के कारण जनता के साथ में पालिका सभासदों के निशाने पर भी आ गई है। सभासदों ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप से शिकायत करते हुए कंपनी पर पालिका की छवि धूमिल करने के लिए गलत कार्य करने और अनुबंध की शर्तों का उल्लघंन करते हुए कर्मचारियों का भुगतान न करने तथा क्षेत्र में घरों से कूड़ा कलेक्शन नहीं करने के साथ टिपिंग शुल्क वसूलने पर भी लोगों को रसीद उपलब्ध नहीं कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए। वार्ड सभासदों की शिकायत पर चेयरपर्सन ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है। पालिका प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र में सफाई स्तर सुधारने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों को कार्य करने को आमंत्रित किया था। इसमें दिल्ली की एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटि प्रा. लि. को 92 लाख रुपये प्रतिमाह भुगतान पर ठेका दिया था। कंपनी को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के साथ डलावघरों से कूड़ा निस्तारण करने का कार्य करना था, जिसमें कंपनी फेल साबित हुई है। इसे लेकर अब लोगों में आक्रोश व विरोध शुरू हो गया है। वहीं सभासदों ने भी कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पालिका सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, कुसुम लता पाल, सीमा जैन और राजेश आदि द्वारा चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को दिए शिकायती पत्र में कंपनी पर पूर्व में किए अनुबंध की शर्तों का उल्लघंन करने के आरोप लगाये हैं। सभासदों का आरोप है कि डोर टू डोर कूडा कलेक्शन करने में कम्पनी द्वारा अनुबन्ध की शर्तों का पालन न करते हुए मनमर्जी से कार्य किया जा रहा है। वार्डो में कूडा कलेक्शन में गाड़ियां नहीं पहुंच पाने से वार्डों में कूड़े के ढेर लगे हैं। अनेक वार्डों में कूड़ा कलेक्शन के नाम पर कम्पनी द्वारा जो शुल्क वसूला है, उस शुल्क की प्राप्ति रसीद लोगों को नहीं दी जा रही हैं। कंपनी के टोल फ्री नंबर पर जो शिकायत दर्ज करायी जाती हैं, उनका निस्तारण नहीं हो पाता। कंपनी कर्मियों का न तो वेतन समय से दे रही है और न ही इनका पीएफ का भुगतान हो रहा है, जिस कारण कम्पनी की नीतियों के खिलाफ कर्मचारी हड़ताल आदि करते हैं। इससे जनता की नजरों में पालिका बोर्ड की छवि धूमिल हो रही है। इन सभासदों ने कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

उधर इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि कंपनी के खिलाफ सभासदों के साथ अन्य लोगों से भी ऐसी शिकायतें मिली, जिसमें कंपनी को सख्त चेतावनी दी है। साथ कंपनी के खिलाफ मिल रही वित्तीय अनियमितता, सफाई नहीं कराने और कर्मचारियों का वेतन आदि भुगतान नहीं करने के मामले में जांच के आदेश दिए। यदि कोई भी अनियमितता साबित होगी तो कार्यवाही की जायेगी। किसी भी सूरत में शहर और जनता के हितों के साथ हम समझौता नहीं करेंगे।

## साइबर क्राइम अवेयरनेस के प्रति छात्राओं को किया जागरुक

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मण्डी में साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ मुख्य अतिथियों ललित माहेश्वरी व प्रमोद कुमार तिवारी को पटका पहना व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में सुल्तान सिंह प्रभारी साइबर क्राइम, सतेंद्र सिंह नागर इंस्पेक्टर साइबर क्राइम एवं गौरव चौहान सीनियर सब इंस्पेक्टर ने छात्राओं को साइबर क्राइम की संपूर्ण जानकारी दी। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेनी में आयोजित प्रोग्राम में विशेष रूप से साइबर क्राइम के प्रकार जैसे-फाइनेंशियल हैकिंग करना और उससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने बच्चों को इससे बचाव के लिए नंबर 1930 दिया। यह एक हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर अपनी समस्या बताकर हम उसका निवारण कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि मोबाइल का इस्तेमाल किस प्रकार से करना चाहिए। उसका सही और गलत उपयोग करने से क्या हानियां हो सकती हैं। इस विषय में छात्राओं ने मुख्य वक्ताओं से अपने कई प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या ने भी इतना कीमती समय देने व भविष्य में इसी प्रकार जागरूक करने के लिए आग्रह किया।





## स्कूल गई छात्रा लापता

**मीरापुर, 12 नवम्बर (बु.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 8 की छात्रा सोमवार को अपने घर से मीरापुर स्थित एक स्कूल में पढ़ने के लिए आयी थी, किन्तु स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई, जिस पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, किन्तु छात्रा का कोई पता नहीं लगा। छात्रा के पिता ने अज्ञात युवक के विरुद्ध छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं0 13080/01-11-2023 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम माज़ अहमद (MAAZ AHMAD) अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी वह इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।
मौ0 मुजम्मिल
लीकडा पट्टी, सुजडू, मुजफ्फरनगर।
M.9045077514

HOLY ANGELS' CONVENT SCHOOL, MUZAFFARNAGAR
Nirmal Shishu Bhawan (Kindergarten)
Opp. Old Bhopa Bus Stand, Muzaffarnagar (UP)
NURSERY ADMISSION NOTICE (2025-26)
NURSERY Registration forms will be available on the school website :
www.holyangel.in
from 20th to 25th November, 2024
Registration form must be submitted online only.
Age Criteria
between 3 years to 4 years as on 1st April, 2025
Registration fee 1000/-*
Office In-charge
Nirmal Shishu Bhawan
* Registration fee is neither refundable nor adjustable.

## गैर सनातनियों के कुंभ मेले में प्रवेश पर हिन्दू मोर्चा ने रोक की उठाई मांग

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ में गैर सनातनी धर्म के लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग को लेकर संयुक्त हिन्दू मोर्चा पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया। इस बीच मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में मोर्चा पदाधिकारियों ने करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं का ध्यान रखते हुए पूर्व में घटित घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुस्लिम धर्म के लोगों को कुंभ मेले में दुकानों के आवंटन न कराने की मांग की। हिंदू पीठाधीश्वर द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में सरकार से इस बार गैर सनातनियों के आने पर रोक लगाने की मांग के समर्थन में अब संयुक्त हिन्दू मोर्चा भी आ गया है। मंगलवार में डीएम कार्यालय पहुंचे मोर्चा पदाधिकारियों ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जो वर्ग हमारे देवी-देवताओं, मठ-मंदिरों को नहीं मानता उसे प्रयागराज कुंभ मेले में आने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कुंभ में गैर सनातनियों के आने पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि संतों के बयान के समर्थन में उनकी मांग है कि गैर सनातनियों का महाकुंभ में प्रवेश पूरी तरीके से प्रतिबंधित किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से मनोज सैनी, संजय अरोरा, राधे श्याम विश्वकर्मा, पंकज भारद्वाज, डॉ. योगेंद्र शर्मा, बिट्टू सिखेड़ा, राजेश कश्यप, बागेश अग्रवाल, संदीप पुंडीर आदि मौजूद रहे।







तहसील सदर में भी रखी गयी हड़ताल

# अधिवक्ताओं ने प्रकाश चौक पर धरना दे, किया शक्ति प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** गाजियाबाद कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज मामले को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग की। कचहरी से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता प्रकाश चौक पर पहुंचे और अपने अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई किए जाने के साथ जिला जज द्वारा किए गए इस कृत्य की निंदा की। केंद्रीय संघर्ष समिति मेरठ के आह्वान पर बीते दिनों जनपद एवं सत्र न्यायाधीश गाजियाबाद द्वारा न्यायिक गरिमा एवं श्रेष्ठता का हनन करते हुए गाजियाबाद के अधिवक्ताओं पर किए बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं का आन्दोलन जारी रहा। इस बीच पूर्णतः चैंबर बंद करते हुए सभी अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में जुलूस निकालकर जहां विरोध प्रदर्शन किया, वहीं प्रकाश चौक पर धरने पर बैठकर इस मामले की जांच कराने के साथ दोषियों पर कार्यवाही कराए जाने की मांग की। अधिवक्ताओं के आंदोलन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार संघ के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र सिंह मलिक एवं संचालन बार संघ के महासचिव सुरेंद्र मलिक ने किया। मंगलवार को संपूर्ण कामबंद हड़ताल और धरने के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ अशोक कुशवाहा, उदयवीर सिंह पोरिया, सत्यपाल नरेश, अनिल दीक्षित, जितेंद्र पाल सिंह, प्रदीप मलिक, प्रवीण खोखर, विकास कश्यप, अशोक चौहान, राकेश पाल, आजम अब्बास, संदीप त्यागी, सतीश लाटियान, राहुल चौधरी, अरुण धारीवाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## तहसील सदर बार संघ ने भी दिया हड़ताल में सहयोग

**- जिला बार संघ के आह्वान पर रखी कामबंद हड़ताल**

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** तहसील सदर बार संघ से जुड़े अधिवक्ताओं ने मंगलवार को जिला बार संघ के आह्वान पर चैंबर बंद करते हुए हड़ताल रखी। इस दौरान अधिवक्ताओं के साथ दस्तावेज लेखक व स्टांप विक्रेताओं के हड़ताल में शामिल होने से रजिस्ट्री संबंधी कार्यो के साथ न्यायिक कार्य बाधित रहे। तहसील बार संघ के अध्यक्ष हाजी कमरुज्जमां व सचिव हेमंत अरोरा के साथ इस हड़ताल में दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष अशोक त्यागी व सचिव जितेन्द्र गर्ग और स्टांप विक्रेता संघ के अध्यक्ष तेजेन्द्र कुमार कांबोज व सचिव नूर मौहम्मद के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ताओं ने हड़ताल में एकजुटता दिखाते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता योगेन्द्र कांबोज, मौ. खुर्रम, मौ. मुजम्मिल के साथ दस्तावेज लेखक शशीकांत शर्मा, राकेश मित्तल, प्रमोद चौधरी व सतीश शर्मा समेत अन्य दस्तावेज लेखकों व स्टांप विक्रेताओं का सहयोग रहा।

शोक संदेश

स्व. श्रीमति कान्ता देवी गोयल
बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य माता जी श्रीमति कान्ता देवी गोयल (धर्मपत्नि स्व. श्री रमेश चंद्र गोयल) का स्वर्गवास दिन-शनिवार, 2 नवम्बर 2024 को हो गया था प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी रस्म तेरहवीं बुधवार, 13 नवम्बर 2024 को होनी सुनिश्चित हुई है।
बुधवार, 13 नवम्बर 2024
ब्रह्मभोज ............12:00 बजे दोपहर
श्रद्धांजलि सभा ............02:00 बजे दोपहर
स्थान:- आशीर्वाद बैंकेट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
शोकाकुल परिवार
अनिल गोयल-राधा गोयल (पुत्र-पुत्रवधु)
लोकेश गोयल-अंजु गोयल (पुत्र-पुत्रवधु)
मुकेश गोयल-प्रीति गोयल (पुत्र-पुत्रवधु)
कुंजन गुप्ता-रोहित गुप्ता (पुत्री-दामाद)
अमन गोयल-प्रगति गोयल (पौत्र-पौत्रवधु)
तान्या-अनमोल गोयल (पौत्री-दामाद)
साक्षी-मुकुल बंसल (पौत्री-दामाद)
कार्तिक गोयल, गौरांश गोयल (पौत्र)
आर्यन गोयल, राघव गोयल (पौत्र)
दिव्या, गौरी (धेवती), केशव (धेवता)
अव्वया (पड़धेवती), विवान (पड़धेवता)
निवास-275, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M.9837003102, 9760069999, 9837041094
कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

प्रथम पुण्यतिथि

स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल
आपकी मधुर स्मृति, आदर्श मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।
आत्मीय स्वजन,
जैसा कि आप सभी को विदित है कि हमारे पूज्य स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल की प्रथम पुण्यतिथि दिनांक 16 नवम्बर 2024 को है।
स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर
नि:शुल्क कैम्प मेंदांता हॉस्पिटल के डाक्टरों द्वारा
स्थान: सिंघल नर्सिंग होम/संतोष हॉस्पिटल मेरठ रोड, कम्पनी बाग के सामने, मुजफ्फरनगर
दिन-रविवार, 17 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 से दोहपर 01 बजे तक
डॉ. अभ्युदय सिंह राणा (कंसलटेंट- नेफ्रोलॉजी, किडनी एवं यूरोलॉजी इंस्टिट्यूट)
डॉ. सुरिंदर कुमार तनेजा (कंसलटेंट क्लिनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी, हार्ट इंस्टिट्यूट)
द्वारा किडनी रोग एवं हृदय रोग जागरूकता के अन्तर्गत कैम्प में मरीजों को देखा जायेगा।
बी.पी., शुगर, ई.सी.जी. और किडनी की यूरिन माइक्रो एल्बूमिन की जाँच फ्री की जायेगी।
बुकिंग के लिए 8899589054 नम्बर पर whatsapp या फोन करके बुकिंग करना अनिवार्य है।
श्रद्धानवत :- डॉ. विकास सिंघल- डॉ. हेमी सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
डॉ. भारती कुमार- डॉ. पंकज कुमार (पुत्री-दामाद) एवं समस्त सिंघल परिवारजन

## एसडीएम की गाड़ी पर चढ़कर बार बाला संग डांस, बजाते रहे हूटर

**झांसी, 12 नवंबर (एजेंसी)।** एसडीएम लिखी गाड़ी पर बार बाला संग युवकों ने जमकर ठुमके लगाए। युवक गाड़ी का हूटर बजाते बोनट पर चढ़कर डांस कर रहे थे। डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह गाड़ी बीडा से जुड़े अधिकारी की बताई जा रही है। हूटर बजाने के साथ-साथ बार बाला मैडम बैठ बोलेरो मैं तेरे खातिर लाया गाने पर डांस करती हुई नजर आ रही है। यह वीडियो शाहजहांपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जिस गाड़ी पर चढ़कर बार बाला नाच रही है वह बीड़ा की है। इस गाड़ी का उपयोग एसडीएम अपने सरकारी कार्य में करते हैं।

## आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय मित्तल का हृदयगति रुकने से निधन

**मेरठ, 12 नवंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी, अजय मित्तल को मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मेरठ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय मित्तल का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह मेरठ प्रांत के 15 वर्ष तक प्रचार प्रमुख रहे।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल

**खतौली, 12 नवंबर (बु.)।** रात्रि करीब 9 बजे खतौली थाना क्षेत्र के खांजापुर कट के सामने एक बाइक पर सवार दो युवकों को एक





अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने उन्हें चिकित्सालय पहुंचाया। घायलों में महताब पुत्र जफर अली उम्र 25 साल तथा साऊद पुत्र दिलशाद उम्र 21 साल निवासी ग्राम ढांसरी शामिल हैं। उनको काफी चोटें आयी हैं जिन्हें मरीज के तीमरदारों के कहने पर जानसठ ले जाया गया। वहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**आगरा, 12 नवंबर (एजेंसी)।** भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्र द्रोह एवं किसानों के अपमान के मामले में कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किया गया है। स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के विरुद्ध नोटिस जारी कर 28 नवंबर 2024 को अपना पक्ष रखने के लिए आदेश किए हैं। कंगना रनौत के विरुद्ध आगरा के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर 2024 को एक वाद दायर किया था। इस वाद में कहा गया कि कंगना ने कहा कि अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक जो किसान दिल्ली बॉर्डर पर काले कानूनों के विरोध में धरने पर बैठे थे, वहां हत्याएं हो रही थीं, बलात्कार हो रहे थे और अगर उस समय देश का नेतृत्व मजबूत नहीं होता तो देश में बांग्लादेश जैसे हालात पैदा हो जाते। कंगना रनौत पर वादी अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने आरोप लगाया है कि कंगना रनौत ने देश के करोड़ों किसानों का अपमान किया है। किसानों को हत्यारा बलात्कारी और उग्रवादी तक कह दिया है। अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद कंगना रनौत को अपना पक्ष रखने के लिए 28 नवंबर 2024 को स्वयं हाजिर होकर अपना पक्ष रखने के लिए आदेश जारी किए हैं।




## प्रयागराज में छात्रों का आक्रोश जारी: बंद कराई गईं दुकानें; प्रदर्शनकारियों को फिर हटाने का हो सकता है प्रयास

**प्रयागराज, 12 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के निर्णय को लेकर अभी भी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। रातभर छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रतियोगी छात्रों ने भी अपना एक नारा गढ़ लिया है। बेमियादी धरने पर बैठे छात्रों का नारा है, 'न बटेंगे न हटेंगे।' इस नारे वाले हजारों पर्चे छात्रों के बीच वितरित किए गए। इसके अलावा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत के खिलाफ नारेबाजी और उनके पोस्टर लहराया जा रहा है। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने आयोग के आसपास की सारी दुकानें बंद कर दी हैं। छात्रों को आयोग के सामने से हटाने के लिए पुलिस कुछ देर में फिर प्रयास कर सकती है। आंदोलन को खत्म करने का आयोग और प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। छात्रों ने 'न बटेंगे न हटेंगे' इस नारे के जरिये आयोग को संदेश भेजा है कि जब तक दो दिन परीक्षा कराने और नॉर्मलाइजेशन निरस्त करने का नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, तब तक छात्र धरना स्थल से हटने वाले नहीं हैं।

## खाटूश्याम निशान यात्रा











## देव जागरण के साथ घरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

### मंदिरों में तुलसी-सालिग राम विवाह संग मांगलिक कार्यक्रम हुए शुरू

**मुजफ्फरनगर, 12 नवम्बर (बु.)।** कार्तिक शुक्ल एकादशी, जिसे देव जागरण का पर्व माना गया है, इस दिन श्रीहरि भगवान विष्णु अपनी 4 माह की योगनिद्रा से जाग जाते हैं। इस पावन तिथि को देवउठनी ग्यासा देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। देवउठनी एकादशी पर चार माह से विराम लगे हुए मांगलिक कार्य इसी दिन से फिर से शुरू हो जाते हैं। इस कड़ी में देशभर के साथ जनपद व नगर मुख्यालय पर मंगलवार में देवउठनी एकादशी पर भक्तों ने प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर पूजा स्थल को साफ कर श्री हरि विष्णु की पूजा के लिए द्राक्ष, ईख, अनार, केला, सिंघाड़ा, लड्डू, पताशे, मूली और शकरकंदी आदि ऋतुफल एवं नवीन धान्य से भगवान विष्णु की पूजा की। देव उठनी एकादशी के पूजन के साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन भी शुरू हो गया है। मंगलवार को शहर में अनेक स्थानों पर देव उठनी एकादशी पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की कड़ी में गांधी कालोनी स्थित गोलोकधाम मंदिर, नई मंडी स्थित कीर्तन भवन, अवध विहार स्थित शिव मंदिर, भारत माता चौक स्थित राधाकृष्ण मंदिर, बलवंत सिंह बाग स्थित मंदिर, पंचमुखी स्थित तुलसा माता मंदिर, महामाई मंदिर, आनन्द भवन स्थित मंदिर, सनातन धर्म सभा भवन मंदिर, सुभाषनगर स्थित श्री शिव-शक्ति एवं शनि मंदिर समेत नगर के मौ. इन्दिरा कालोनी, ब्रह्मपुरी, साकेत, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी समेत अनेक स्थानों पर देव उठनी एकादशी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आदर्श कॉलोनी समेत अन्य मंदिरों में भी तुलसी-शालीग्राम विवाह का आयोजन किया गया। इसके साथ घरों में महिलाओं ने देवताओं की पूजा-अर्चना करने के साथ सिंघाड़ा व शकरकंद का प्रसाद भोग स्वरूप भगवान को अर्पण किया।

## श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में अंकुर दुआ और भीम कंसल ने कराया तुलसी सालिगराम विवाह



**मुजफ्फरनगर, 12 नवंबर (बु.)।** श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में आज तुलसी सालिग राम विवाह का भव्य आयोजन देव उठनी एकादशी पर किया गया। नगर में आज देव उठनी एकादशी पर मंदिरों से लेकर घरों तक भव्य आयोजन किए गए। इस दिन तुलसी सालिग राम विवाह का खास महत्व है। इसके चलते आज तमाम स्थानों पर भगवान विष्णु के प्रतीक सालिग राम का विवाह तुलसी जी के साथ संपन्न कराया गया। श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ तथा प्रमुख उद्यमी भीम कंसल द्वारा विवाह के आयोजन पूजन कराया गया। इस आयोजन में मंत्रोच्चार के साथ तुलसी सालिगराम विवाह पूरे विधि विधान से संपन्न कराया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के तमाम सेवादारों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



## महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की फिर हुई तलाशी

**मुंबई, 12 नवंबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की एक बार फिर तलाशी ली गई है। उद्धव की पार्टी- शिवसेना यूबीटी इस कार्रवाई को लेकर आक्रामक तेवर दिखा रही है। खबरों के मुताबिक चुनाव प्रचार के सिलसिले में हेलीकॉप्टर से लातूर गए उद्धव के हेलीकॉप्टर के साथ-साथ उनके बैग की भी तलाशी ली गई। शिवसेना के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कार्रवाई की वीडियो भी शेयर की गई है। शिवसेना यूबीटी का आरोप है कि शिवसेना पर प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई हो रही है, जबकि सत्ताधारी महायुति में शामिल दल- (भाजपा-शिवसेना-एनसीपी) की तरफ से पैसे बांटने की घटना पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। चुनाव आयोग ने कहा है कि कार्रवाई तय नियमों के मुताबिक होती है। बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले सियासी आरोप-प्रत्यारोप जमकर हो रहे हैं। चुनाव आयोग और भाजपा नीत केंद्र सरकार पर संविधान की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए शिवसेना ने कहा, 'डॉ. बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान में हम सभी के लिए समान न्याय की बात कही गई है। लेकिन व्यवस्थाओं को अपने हाथ में लेकर और लोकतंत्र को रौंदकर राज करने वाले दिल्ली के लोगों ने हर स्तर पर उस संविधान की अवहेलना करने का फैसला किया है।'

# श्री चतरसैन अनिल कुमार की ओर से श्याम प्रभु के भव्य भंडारे का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 12 नवंबर (बु.)।** खाटू नरेश के जन्मोत्सव पर आज नवीन मंडी पर श्री चतर सैन अनिल कुमार की ओर से भव्य आयोजन किया गया। इसमें श्याम प्रभु के पूजन के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नवीन मंडी पर श्री चतर सैन अनिल कुमार फर्म पर बाबा खाटूश्याम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह के समय पूजन किया गया। इसके बाद बाबा श्याम को भोग लगाने के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्याम भक्त बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक उमेश मलिक, गुड़ खांडसारी के अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र कुच्छल, सचिन सिंघल, सचिन अग्रवाल, हरिशंकर तायल, शाहपुर के पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, निखिल गर्ग, राजीव गर्ग, अंकित गोयल, आशीष गर्ग, दीपा गर्ग, इंदु गर्ग, कुसुम गर्ग, नव्या गर्ग, विनी गर्ग, प्रिया गर्ग, शालिनी गोयल, दीपांशी सिंघल, कांता गोयल, मुनेश, सुनेश, नीलम बंसल, गरिमा गोयल, कमलेश, रूमन, नीरू, माया, संध्या, सरोज, नीलम गर्ग, नीलम बतरा, मीनू, चंपा शर्मा, अमरीश सिंघल, विकास अग्रवाल, अमित सिंघल, प्रतीक कंसल, अंकित अग्रवाल, रजत गोयल आदि उपस्थित रहे। व्यापारी शिवम सिंघल, दीपेश गर्ग, अंकित गर्ग नैनो चावल वालों की ओर से आयोजित इस भव्य आयोजन में तमाम श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम प्रभु के गुणगान के साथ प्रसाद ग्रहण किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में प्रसाद पाने के लिए पहुंचे।









## तौकीर रजा की दिल्ली यात्रा पर भड़के बाबा बागेश्वर, बोले- तुम पहुंचो, हम यहीं से हवा टाइट कर देंगे

**भोपाल, 12 नवंबर (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम सरकार 10 दिन की कथा और दिव्य दरबार की यात्रा के बाद वापस आज सुबह 11 बजे बागेश्वर धाम पहुंचे हैं। जहां पहुंचकर उन्होंने मंगलवार का पेशी दरबार के पहले दिव्य दरबार लगाया। वहीं, आने वाले दिनों में होने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के बारे में जानकारी देते हुए भारत के प्रधानमंत्री के साथ हुए एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी दी। उन्होंने भक्तों के पर्चे भी बनाए।



इस दौरान बागेश्वर सरकार ने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाली सनातन हिंदू एकता पद यात्रा को तोड़ने के लिये और हिंदुओं को लड़वाने के लिय वो लोग जनसंख्या बढ़ा रहे हैं, विद्रोह कर रहे हैं। इसीलिए हमें ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही है। आप सभी को हनुमान जी बनना है और जब तक हिंदू राष्ट्र नहीं बन जायेगा तब तक हिंदुओं को जगाएंगे। उन्होंने कहा कि अब बारी आ गई है, क्योंकि धर्म विरोधी ताकतें लगातार लगी हुई है। अभी मुसलमानों के बहुत बड़े धर्म गुरु तौकीर रजा ने घोषणा की है कि बागेश्वर बाबा को जेल में डालो और कई लाख मुसलमान जुड़कर अपनी ताकत दिखाने के लिए दिल्ली पहुंच रहे हैं। बागेश्वर बाबा ने कहा कि तुम पहुंचो दिल्ली, हम यहीं क्रांति करेंगे कि तुम्हारी हवा खिसक जाएगी। बता दें कि 21 नवंबर से 29 नवंबर तक बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली जानी है। यह यात्रा बागेश्वर धाम से राजाराम की नगरी ओरछा तक जाएगी। लगभग 160 किलोमीटर की यह यात्रा 9 दिनों तक चलेगी, जिसको लेकर छतरपुर के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस यात्रा रूट का बागेश्वर धाम से लेकर छतरपुर की उत्तर प्रदेश की सीमा देवरी तक निरीक्षण किया।

## यति नरसिंहानंद महाराज बोले, 'बंटवारे के समय पाकिस्तान भेज दिया गया होता तो भीख मांग रहे होते तौकीर रजा'

**गाजियाबाद, 12 नवंबर (एजेंसी)।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने एक वीडियो जारी करके मौलाना तौकीर रजा की चुनौती को स्वीकार किया। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने जारी वीडियो में कहा, 'जिस दिन मौलाना तौकीर रजा दिल्ली जाम करने आएगा, उस दिन वो अपने सभी शिष्यों के साथ उसे दिल्ली ही मिलेंगे। मौलाना तौकीर रजा हमारी आंखों में आंख डाल कर देख लें कि रूह किसकी कांप रही है और मर मिटने को कौन तैयार है।' यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने कहा, 'मौलाना तौकीर रजा सहित जितने भी जिहादी हिंदुओ को धमकाने की कोशिश कर रहे हैं वो अच्छी तरह से समझ लें कि तुम बस धोखे से निर्दोष लोगों का कत्ल करना जानते हो। आज गांधी और नेहरू के विश्वासघात के कारण तुम हिंदुओ को धमका रहे हो। ये गांधी और नेहरू की गद्दारी के कारण ही आज सौ करोड़ हिंदुओ के पास अपना देश कहने के लिए इंच भर भी जगह नहीं है। गांधी और नेहरू के द्वारा की गई गद्दारी के कारण ही आज तौकीर रजा जैसे लोग हमें धमका रहे हैं। अगर धर्म के आधार पर हुए बंटवारे के समय ही इन सबको पाकिस्तान भेज दिया गया होता तो आज तौकीर रजा अपने खानदान के साथ भीख मांगता घूम रहा होता।'



## मथुरा रिफाइनरी के प्लांट में लगी आग, 10 कर्मचारी झुलसे

**मथुरा, 12 नवंबर (एजेंसी)।** टाउनशिप थाना रिफाइनरी क्षेत्र स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के प्लांट के अंदर टेस्टिंग के दौरान ऐ बीयू प्लांट में अचानक आग लग गई। आग में झुलसने से 10 लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे की वजह फर्निश लाइन हीट होना बताया जा रहा है। झुलसे लोगों में चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। उपचार के लिए इन्हें सिटी हॉस्पिटल एवं दिल्ली मेट्रो भेज दिया है। रिफाइनरी में शट डाउन के दौरान खराब उपकरणों को रिपेयर कर टेस्टिंग की जा रही है। इसी प्रक्रिया में रिफाइनरी के ए बीयू प्लांट में कार्य चल रहा था तभी अचानक फर्निश पाइप लाइन हीट होने के चलते फट गई। इस दौरान वहां कार्य कर रहे कर्मचारी आग की चपेट में आ गए। हादसे में दस लोग घायल होने की खबर है इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। रिफाइनरी प्रशासन ने गंभीर रूप से झुलसे हरिशंकर, इरफान, अजय शर्मा, राजीव कुमार को सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां उनकी गंभीर हालत होने के चलते चिकित्सकों ने दिल्ली स्थित मेट्रो हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

# सीएम योगी बोले: बंटिए मत, वरना रामनवमी-गणपति शोभायात्रा पर पथराव करेंगे पत्थरबाज, बनेगा लव जेहाद का ठिकाना

**लखनऊ, 12 नवंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र वासियों को सचेत किया कि रामनवमी-गणपति शोभायात्रा पर पथराव व अत्याचार वहीं होते हैं, जहां हम बंटे हैं। अयोध्या, काशी और मथुरा आदि स्थानों पर भी हमें अपमान झेलना पड़ा। लोकसभा चुनाव में अमरावती में तांडव भी इसीलिए हो रहा था। यह देश इसलिए बंटा था, क्योंकि आप बटे थे। हिंदु बटे थे तो काटे जा रहे थे। हम बटे तो पत्थरबाज फिर से रामनवमी और गणपति शोभायात्रा पर पथराव करेंगे। लव-लैंड जेहाद के नाम पर जमीनों पर कब्जा होगा और बेटियों की सुरक्षा खतरे में होगी। उन्होंने जनता को आगाह किया कि जाति के नाम पर बांटने वाले नेता देश के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। हमें बंटना नहीं है, बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि यह चुनावी समर दो बड़े गठबंधन के बीच में है। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने को लेकर भाजपा का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ राष्ट्र की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वाला, महाराष्ट्र को लव जिहाद, लैंड जिहाद व पैनकार्ड जिहाद का नया अड्डा बनाने वाला महाअनाड़ी गठबंधन है। इनका न कोई नेता है और न ही नीति। भारतवासियों की प्रेरणा भूमि महाराष्ट्र बार-बार प्रयोगशाला नहीं बनेगी। लैंड जेहाद, लव जेहाद, धर्मांतरण, पैनकार्ड जिहाद की समस्या का समाधान भाजपा की डबल इंजन सरकार है। यह सरकार बुलेट की स्पीड से विकास कराती है तो देशद्रोही तत्वों को 'राम नाम सत्य' की यात्रा पर भी भेजती है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। अब कश्मीर में अलग संविधान नहीं है। पहली बार कश्मीर में चुनी गई सरकार ने भारत के संविधान को सामने रखकर शपथ ग्रहण किया है। आज जम्मू-कश्मीर विधानसभा व सचिवालय में तिरंगा लहरा रहा है। यह काम नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने नहीं, बल्कि पीएम मोदी और भाजपा ने किया। सीएम ने कहा कि धारा-370 समाप्त होने से पाकिस्तान और उसके हमदर्दों को परेशानी हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव देश के भाग्य को बनाने-बिगाड़ने वाले होते हैं। 1946 में भी ऐसा चुनाव हुआ था, जिसने भारत के भाग्य को दुर्भाग्य में बदल दिया था। उन्होंने यूपीए व एनडीए गठबंधन का फर्क समझाया। बोले-2014 के पहले कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार देश की कीमत पर पाकिस्तान से संबंध बना रही थी, जबकि नए भारत में पाकिस्तान को आज भी एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के सपने आते हैं। दुश्मन के अंदर भय होना चाहिए, यह तभी होगा जब भारत मजबूत होगा। कांग्रेस के समय महाराष्ट्र के अंदर सर्वाधिक किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन आज किसान सम्मान निधि प्राप्त कर रहा है। सीएम ने कहा कि यूपी के दुर्दांत माफिया को कांग्रेस ने कई महीनों तक अपने एक राज्य सरकार के अधीन सुरक्षा कवच पहनाकर रखा था। हम लोग सुप्रीम कोर्ट तक लड़े, आज जहन्नुम की यात्रा पर भेज दिया है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष तक शासन का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने राम मंदिर का निर्माण नहीं कराया, क्योंकि राम उनके एजेंडे में थे ही नहीं। वे कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं, लगता है कि सृष्टि के प्रारंभ में कांग्रेस ही पैदा हुई थी, इसलिए 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' लिख दिया। जो कांग्रेस हमारे अस्तित्व को नकारने का प्रयास करती है, उस कांग्रेस के अस्तित्व को समाप्त करने का समय आ चुका है। यह देश तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से चल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि हरियाणा की हैट्रिक के बाद महाराष्ट्र व झारखंड में भी डबल इंजन सरकार ही बनेगी। सीएम योगी ने कहा कि जो भारत के अंदर रहकर पाकिस्तान का झंडा लहराएगा तो उसे वहीं भेज देना चाहिए। यहां रहकर भारत मां के प्रति अपशब्द, दैवीय महापुरुषों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं है। सीएम ने महाराष्ट्रवासियों को 2025 प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित किया।




## प्रार्थना सभा व रस्म उठाला



मान्यवर,

अत्यंत दु:ख के साथ अवगत कराना है कि हमारी स्नेहमयी माँ श्रीमती वंदना खन्ना (W/o स्व. श्री बिपिन खन्ना) 11 नवम्बर 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु के विराट रूप में समाहित हो गई हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**कार्यक्रम**

**दिनांक 13 नवम्बर 2024**

| | |
|---|---|
| ब्रह्मभोज | 12:00 बजे अपराह्न |
| प्रार्थना सभा व रस्म उठाला | 2:00 बजे अपराह्न |

**पंजाबी बारात घर,** पचेंडा रोड, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

**शोकाकुल**

वैभव खन्ना-नेहा (पुत्र-पुत्रवधु)
कृति-मोहित कपूर (पुत्री-दामाद)
आरव (पौत्र) रिशित, रिद्धित (धेवते)

लावण्य पुरी (भाई)
कुश पुरी (भाई)
हर्ष पुरी (भाई)

नेहा टेक्सटाइल, मुज़फ़्फ़रनगर — पुरी इंडस्ट्रीज़, मुज़फ़्फ़रनगर